अभ्यास प्रश्न पत्र - 4

समय:3:00 घंटे **10वीं कक्षा** **गरिष्टतम अंक : 80**

****

I. निम्न दिए प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प उत्तर दिए गए हैं, उनमें सर्वाधिक उचित उत्तर चुनकर लिखिए । **8x1=8**

1.'लिफाफा' शब्द का बहुवचन रूप है-

(A) कागज़ (B) पाकिट (C) लिफार्फा (D) लिफाफे

2. 'लेखिका' का अन्य लिंग है-

(A) लेखक (B) कवी (C) लेखन (D) लेख

3. 'सहयोग' का विलोम शब्द है-

(A) सहयोगी (B) सहवर्ती (C) असहयोग (D) सहचर

4. 'पर्वतावाली' शब्द में संधि है-

(A) दीर्घ (B) गुण (C) व्यंजन (D) यण्

5.'धोना' का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है-

(A) घुलना (B) धो (C) धुलाना (D) धुलाई

6. निम्न में 'द्वंद्व समास' का उदाहरण है

(A) राजवंश (B) दशानन (C) पंचवटी (D) रात-दिन

7. 'यामा' महादेवी वर्मा ____ रचना है। सही कारक चिह्न है-

(A) का (B) की (C) के (D) कि

8. पुस्तक कहाँ है इस वाक्य के लिए उपयुक्त विराम चिह्न होगा -

(A) पूर्ण विराम (B) प्रश्न वाचक (C) अर्ध विराम (D) विस्मयादिबोधक

II. <u>प्रथम दो पदों से सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे पद से संबंधित पद लिखिए</u>: **<u>4×1=4</u>**

9. सक्सेना परिवार का रोबोट : रोबोनिल :: शर्मा परिवार का रोबोट: ______

10. कुवेंपु: ज्ञानपीठ पुरस्कार :: सी .एन.आर .राव : _______

11. टोली का नाम: बाल शक्ति :: टोली का मुखिया:-------

12. कृष्ण को चिढ़ाने वाला : बलराम :: कृष्ण को मनाने वाली: ________

III. <u>निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक एक पूर्ण वाक्य में लिखिए</u> | **<u>4×1=4</u>**

13. प्रेमचंद जी का जी क्यों ललचा उठा ?

14. बाल शक्ति टोली की तारीफ किसने की?

15. कवि भारत माता से क्या प्रार्थना करते हैं?

16. कवि के अनुसार आज की दुनिया कैसी है?

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक दो या तीन वाक्यों में लिखिए | **8×2=16**

17. चप्पलों की चोरी होने पर ईमानदार डेलिगेट ने क्या सुझाव दिया?

18. रोबोनील ने रोबोजीत को क्या समझाने की कोशिश की?

19. मछली ने दोस्तों से क्या सुझाव दिया?

20. कश्मीरी सेब पाठ से लेखक पाठकों को क्या चेतावनी देते है?

21. कवि दिनकर जी ने वैज्ञानिक युग और आधुनिक मानव का विश्लेषण कैसे किया है - स्पष्ट कीजिए?

22. कृष्ण बलराम के प्रति क्यों नाराज है?

23. शनै:चर का अर्थ क्या है ? शनि किसका पुत्र है?

या

शनि सौरमंडल का सर्वाधिक सुंदर ग्रह है - कैसे?

24. झूठ बोलने से क्या नुकसान होता है?

या

नागरिक के कोई तीन कर्तव्य लिखिए?

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक तीन या चार वाक्यों में लिखिए: **9×3=27**

25. लेखिका के प्रति गिल्लू की ममता का वर्णन कीजिए?

26. जलालुद्दीन के परिचय दीजिए?

27. वीडियो कान्फेरेन्स के बारे में विवरण दीजिए?

28. एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर बछेंद्री ने क्या किया - विवरण दीजिए?

29. कर्नाटक के भौगोलिक लक्षण का वर्णन कीजिए?

30. मातृभूमि के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए?

31. समय के महत्व को समझाइए?

32. नीचे के दोहे का भावार्थ लिखिए|

राम नाम मनि दीप धरु, जीह देहरी द्वार |
तुलसी भीतर बाहिरौ, जो चाहसि उजियार ||

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए|

कर्नाटक में कन्नड़ भाषा बोली जाती है| इसकी राजधानी बेंगलुरु है | यहाँ देश-विदेश के लोग आकर बस जाते हैं|

VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 5 - 6 वाक्यों में लिखिए: **2×4=8**

34. पंडित राजकिशोर के गुणों पर प्रकाश डालिए?

या

बसंत स्वाभिमानी और ईमानदार लड़का है कैसे - स्पष्ट कीजिए?

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए:

असफलता एक________

____

____

____________________ भागो तुम|

VII. 36. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए | **4×1=4**

एक बार किसी हंस और कौए में बहुत अच्छी दोस्ती हो गई। एक वृक्ष पर बैठे दोनों प्यार से बातें कर रहे थे, किन्तु दोनों के स्वभाव अलग-अलग थे। हंस बहुत ही सज्जन स्वभाव का था और कौआ दुष्ट था। अचानक उस वृक्ष की छाया में एक मुसाफिर आराम करने के लिए आया। वह अपनी चादर बिछाकर सो गया। पेड़ पर बैठे हंस ने देखा कि मुसाफिर के ऊपर तेज धूप पड़ रही है। कहीं उसकी नींद न टूट जाए, यह सोचकर हंस ने अपने पंख फैला लिए। कौए को यह बात अच्छी नहीं लगी। उसने मुसाफिर के ऊपर ढेर सारा कूड़ा गिरा दिया। जब मुसाफिर की आँख खुली तो उसे हंस पर बड़ा क्रोध आया।

1. कौन-कौन से पक्षी वृक्ष पर बैठकर बातें कर रहे थे?
2. हंस का स्वभाव कैसा था?
3. मुसाफिर कहाँ आराम किया?
4. क्या सोचकर हंस ने अपना पंख फैला लिए?

VIII. 37. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए। **4×1=4**

क) जनसंख्या समस्या - समाधान

प्रस्तावना - जनसंख्या वृद्धि के कारण और परिणाम - परिहारोपाय|

उपसंहार।

ख) इंटरनेट एक वरदान- प्रस्तावना

उपयोगिता - आज की आवश्यकता - उपसंहार।

ग) मेरे प्रिय कवि / साहित्यकार

विषय प्रवेश - जीवन परिचय -शिक्षा

साहित्य में योगदान

उपाधि पुरस्कार।

X. 38. बीमारी के कारण बताते हुए प्रधानाचार्य को चार दिन की छुट्टी हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए । **5×1=5**

अथवा

अपनी पढ़ाई की प्रगति के बारे में अपनी माता के नाम पत्र लिखिए।